# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा / छाप्रोप्र / ए / शालादर्पण / 2025–26 / 40068–7734720 / 2a    दिनांक–यथाहस्ताक्षर

## विस्तृत दिशा–निर्देश वर्ष 2025–26

**सहरिया क्षेत्र के सहरिया जनजाति विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता (कक्षा 1 से 5 तक)**

| | | |
|---|---|---|
| **1** | योजना का नाम एवं क्षेत्र | बांरा जिले के सहरिया क्षेत्र के सहरिया जनजाति विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता (कक्षा 1 से 5 तक) |
| **2** | योजना का उद्देश्य | सहरिया जनजाति के ऐसे परिवार जो पढ़ाई का खर्चा उठाने में सक्षम नहीं है। उन सहरिया परिवारों के छात्र / छात्राओं को स्टेशनरी हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना जिससे कि उनकी पढ़ाई का खर्चा ना बढ़े एवं उनकी पढ़ाई से परिवार पर कोई अतिरिक्त भार न पड़े। |
| **3** | परिभाषा | कक्षा 1 से 5 तक के जनजाति सहरिया छात्र–छात्राओं को स्टेशनरी के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान करना। |
| **4** | आवेदन की प्रक्रिया | ➢ आवेदन की समस्त प्रक्रिया विद्यालय के शालादर्पण प्रभारी द्वारा संपादित की जानी है।<br>➢ शालादर्पण पोर्टल के बेनीफिशियरी मोड्यूल में लोगइन करने पर बाईं ओर OTHER SCHEMES में जाकर संबंधित योजना का चयन करने पर विद्यालय के कक्षा 01 से 5 वीं में अध्ययनरत सहरिया जनजाति के छात्र / छात्राऐं का कक्षावार डाटा प्रदर्शित होंगा।<br>➢ कक्षा पर लेफ्ट क्लिक करने पर विद्यार्थियों की सूची प्रदर्शित होगी।<br>➢ आवेदन हेतु पात्र विद्यार्थियों के नाम के समक्ष APPLY बटन पर लेफ्ट क्लिक करें।<br>➢ विद्यार्थी का आवेदन खुलने पर निम्न प्रविष्टियाँ मैन्युअल की जानी है –<br>1. विद्यार्थी का पता<br>2. विद्यार्थी के परिवार का जनाधार आई.डी संख्या एवं जनाधार आई.डी में विद्यार्थी की व्यक्तिगत पहचान संख्या<br>3. विद्यार्थी का मोबाइल नंबर, आधार संख्या व परिवार की वार्षिक आय<br>➢ बैंक इनफार्मेशन।<br>➢ सभी प्रविष्टियाँ किये जाने के पश्चात् अप्लाई बटन पर लेफ्ट क्लिक कर आवेदन लॉक करें।<br>➢ शालादर्पण प्रभारी संस्थाप्रधान के मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी की मदद से प्रस्ताव लॉक करेगें।<br>➢ अंतिम दिनांक तक आवेदन लॉक नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन स्वतः लॉक हो जायेंगे।<br>➢ अपात्र विद्यार्थियों हेतु नाम के समक्ष REJECT बटन पर लेफ्ट क्लिक करके REJECTION के कारण का चयन करें। |

| | | |
|---|---|---|
| | | ➢ विद्यालय द्वारा प्राप्त ऑनलाईन आवेदन को जांचकर आवेदन सम्बंधित जिला शिक्षा अधिकारी को भिजवाया जाएगा। |
| **5** | देय लाभ | बारां जिले के सहरिया छात्र/छात्राएं को कक्षा 1 से 5 तक 1000 रू. प्रति छात्र/छात्रा प्रति वर्ष। |
| **6** | पात्रता | 1. ऐसे सहरिया छात्र/छात्राएं जो बारां जिले के राजकीय विद्यालय में प्रवेश लेकर नियमित अध्ययनरत हो।<br>2. बांरा जिले की मूल निवासी हो तथा सहरिया परिवार से हो।<br>3. छात्र/छात्रा के माता–पिता /अभिभावक/संरक्षक आयकर दाता ना हो। |
| **7** | आवश्यक दस्तावेज | 1. जाति प्रमाणपत्र।<br>2. मूल निवासी प्रमाण–पत्र।<br>3. आधार कार्ड एवं जनाधार कार्ड।<br>4 नियमति अध्ययनरत प्रमाण पत्र |
| **8.** | तिथि विवरण | संस्था प्रधान द्वारा शालादर्पण पोर्टल पर वांछित सूचनाऐं ऑनलाईन अपलोड पश्चात् सबमिट/लॉक करने की अंतिम तिथि **30.09.2025** |

**(सीताराम जाट)**
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर
एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान

RajKaj Ref No.:
16679675
eSign DSC